हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 7 मई 2025

11 अस्थमा में सही समय पर उचित इलाज जरूरी



12 राष्ट्रीय मुक्केबाजी में गौरव ने जीता स्वर्ण पदक



## खबर संक्षेप

### हार्ड कॉपी जमा करवाने का आज अंतिम मौका

**बहादुरगढ़।** आरटीई के तहत गरीब बच्चों के होने वाले एडमिशन के लिए 30 अप्रैल अंतिम तिथि थी। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने बताया कि ऑनलाइन फार्म भरने के बाद हार्ड कापी बीईओ कार्यालय में जमा करवाएं। जमा कराए गए दस्तावेजों का सत्यापन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। सत्यापन के बाद पुष्टि होने या सही पाए गए आवेदनों की सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। बाद में लाटरी प्रक्रिया के तहत आवेदकों को स्कूल आवंटित किए जाएंगे। किसी प्रकार की भिन्नता पाई जाने पर आवेदन रद्द किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आवेदन की हार्ड कापी समेत सभी दस्तावेज 7 मई तक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं।

### किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 11 को

**बहादुरगढ़।** बादली में आठवीं झज्जर जिला किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए कोच जसवंत ने बताया कि बादली स्थित जेके स्पोर्ट्स एकेडमी में आगामी 11 मई को यह प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। जिला व राज्य एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। खिलाड़ी निर्धारित समय पर अपने दस्तावेजों और किट सहित पहुंचे।

### दो गाड़ियों के साइलेंसर चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** शहर में दो जगहों पर खड़ी गाड़ियों के साइलेंसर चोरी हो गए। वाहन मालिकों की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। नूना माजरा के निवासी दिनेश का कहना है कि वह एक कंपनी में मैनेजर है। हमारी कंपनी की एक गाड़ी सेक्टर-6 हुडा कांप्लेक्स के पास खड़ी थी। पांच मई की सुबह चेक की तो गाड़ी का साइलेंसर नहीं मिला। इस शिकायत पर सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज हुआ है। वहीं, पालिका कॉलोनी के निवासी विकास का कहना है कि रात को उसने अपनी गाड़ी मकान के बाहर खड़ी की थी। सुबह देखा तो गाड़ी का साइलेंसर नहीं मिला। कोई अज्ञा शख्स चुरा ले गया। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

### तीन चोर गिरफ्तार बाइक बरामद

**बहादुरगढ़।** एंटी व्हीकल थैफ्ट विंग और शहर थाना बहादुरगढ़ की संयुक्त पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद करके आरोपियों को अदालत के आदेश अनुसार जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 अप्रैल की शाम नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ के निकट से उपेंद्र निवासी लाइनपार की मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दीपक निवासी अशोक नगर और मोहित व अंकितेश निवासी लाइनपार शामिल हैं। उनसे चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर अदालत में पेश किया गया। जहां से तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### कृषि यंत्रों का दूसरा भौतिक सत्यापन आज

**झज्जर।** सीआरएम स्कीम के अंतर्गत अनुदान के लिए कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रों का दूसरे चरण का भौतिक सत्यापन बुधवार को किया जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता विकास कुमार ने बताया कि सीआरएम योजना 2024-25 के तहत कृषि यंत्रों का प्रथम भौतिक सत्यापन 30 नवंबर 2024 को किया गया था। प्रथम भौतिक सत्यापन के दौरान कुल 185 कृषि यंत्रों में से 183 कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया गया था। अब दूसरा सत्यापन आज होगा।

### रविवार को बदमाशों ने मांडोठी बाजार में एटीएम मशीन उखाड़ी थी

# बीओबी के एटीएम की सुरक्षा में सेंध, 30 मिनट मशीन से छेड़छाड़ करता रहा युवक



बहादुरगढ़। फुटेज में दिखाई दे रहा एक युवक।



बहादुरगढ़। इस मशीन के साथ की गई छेड़छाड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

झज्जर रोड पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम बूथ में वारदात की कोशिश हुई। शातिर ने मशीन के साथ छेड़छाड़ की। करीब आधे घंटे तक वह बूथ में रहा और जब अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हुआ तो वहां से चंपत हो गया। घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया है।

पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। वारदात चार मई की रात को हुई थी। बैंक मैनेजर की ओर से दी गई शिकायत में कहा गया है कि रात करीब 11 बजे एक युवक बूथ में घुसा। युवक ने मास्क पहना था और उसके हाथ में बैग था। फिर कैंची और पेचकस के जरिये उसने मशीन खोलने की कोशिश की। एटीएम व सेल्फ प्रिंटिंग मशीन के साथ छेड़छाड़ की। करीब आधे घंटे तक वह अंदर रहा और कोशिश करता रहा। कामयाब नहीं हुआ तो चला गया। हालांकि बैंक को कोई मौद्रिक नुकसान नहीं हुआ है। अगली सुबह जब कोई बूथ में गया तो वारदात का पता चला। इसके बाद अधिकारियों ने हालातों का जायजा लिया और पुलिस को सूचना दी। सीसीटीवी फुटेज चेक की तो उसमें एक संदिग्ध युवक नजर आया। बैंक मैनेजर की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## एटीएम बूथों में नहीं हैं सुरक्षा के बंदोबस्त

**बहादुरगढ़।** इलाके में एटीएम बूथ बदमाशों के निशाने पर रहे हैं। इसकी बड़ी वजह सुरक्षा व्यवस्था का अभाव भी है। बहादुरगढ़ के अधिकांश एटीएम बूथों में सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था नहीं है। कुछ में तो कैमरे तक भी नहीं हैं। सिक्योरिटी गार्ड न होने के चलते ये बूथ बदमाशों के लिए सॉफ्ट टारगेट बन जाते हैं। बहादुरगढ़ में बीते रविवार की रात को मांडोठी बाजार तथा झज्जर रोड पर दो एटीएम बूथों में मशीनों के साथ छेड़छाड़ हुई। एक मशीन तो पूरी तरह से उखाड़ दी गई। बेशक दोनों मशीनों से कैश नहीं लुट पाया लेकिन इससे पहले भी बहादुरगढ़ में कई वारदात ऐसी हुई हैं, जिनमें मोटा कैश चोरी हो गया। यहां शिव चौक, बादली रोड, महावीर पार्क, झज्जर रोड, छोटूराम नगर, एमआईई, पटेल नगर, कसार, जसोरखेड़ी, माजरा सहित कई जगहों पर एटीएम बूथों में वारदात हो चुकी है। कुछ वारदातों में तो बदमाश मशीन को ही उखाड़कर साथ ले गए। इनमें से कुछ वारदात पुलिस ने सुलझाई हैं।

### शहर में 12 के लगभग हो चुकी वारदातें

कुल मिलाकर लगभग दर्जनभर वारदात यहां हो चुकी हैं। अहम बात ये कि अधिकांश वारदातों के शिकार बूथों में सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था ही नहीं थी। मौजूदा दौर में भी ज्यादातर एटीएम बूथों पर गार्ड की व्यवस्था नहीं है। इसलिए बहुत से एटीएम रात के वक्त बंद भी हो जाते हैं। कुल मिलाकर इनकी सुरक्षा राम भरोसे है। कुछ समय पहले जब वारदात हुई थी तो पुलिस ने बैंक अधिकारियों के साथ बैठकें की। उन्हें नोटिस देकर अपने एटीएम बूथों में गार्ड रखने के लिए भी कहा गया। कई दिन तक यह सिलसिला चला। कुछ बैंकों ने तो इस पर संज्ञान लिया, बाकी पुराने ढर्रे पर चलते रहे।

### अब प्राइवेट एजेंसियां खोल रही बूथ

अब प्राइवेट एजेंसियों द्वारा भी एटीएम बूथ खोले जा रहे हैं। जिनकी सुरक्षा के संबंध में बैंक का कोई लेना देना नहीं होता। ये एंजेसियां सिक्योरिटी गार्ड लगवाती नहीं हैं। फिलहाल रात के वक्त एटीएम बूथ पुलिस गश्त पर निर्भर है। लेकिन गेट बंद होने के बाद अंदर क्या चल रहा है, ये पुलिस को भी भला कैसे पता चले। सिटी थाना प्रभारी हरेश कुमार का कहना है कि सुरक्षा के लिहाज से बूथों में गार्ड की व्यवस्था तो होनी ही चाहिए। इस संबंध में बैंक अधिकारियों से बातचीत की जाएगी। उनसे बूथों में गार्ड की व्यवस्था करने के लिए कहा जाएगा। बाकी बहादुरगढ़ में हाल ही में जो दो वारदात की कोशिश हुई हैं, उन्हें भी जल्द सुलझाया जाएगा।

## इंश्योरेंस पॉलिसी रिन्यू करने का झांसा देकर 10.24 लाख की ठगी



- बहादुरगढ़ के सेक्टर 15 के युवक के साथ साइबर ठगी
- जांच में जुटा साइबर सेल

**बहादुरगढ़।** शहर में लोगों के साथ ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब यहां सेक्टर-15 के निवासी एक युवक के साथ वारदात हुई है। पॉलिसी रिन्युअल के नाम पर शातिरों ने उसे सवा दस लाख रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात युवराज के साथ हुई है। युवराज का कहना है कि उसने एक कंपनी की इंश्योरेंस पॉलिसी ले रखी है।

### फोन पर ले ली डिटेल

कुछ दिन पहले पॉलिसी रिन्युअल के लिए मेरे पास एक नंबर से कॉल आई। कॉलर ने कहा कि रिन्युअल की पेमेंट गलत हो गई है, आप हमारे अकाउंट नंबर पर पैसे ट्रांसफर कर दो। मैं उनकी बातों को सही मान बैठा और 49 हजार 200 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्होंने कहा कि आपका पैन नंबर गलत है, आपको दोबारा पेमेंट करनी होगी। इस तरह से उन्होंने 49200 रुपये और मंगवाए। उनके पास पॉलिसी बाजार की आईडी व मेरी हेल्थ पॉलिसी की कॉपी की डिटेल भी थी। इस तरह से वे कभी पैन नंबर तो कभी जीएसटी तथा अन्य कमियों का हवाला देकर पैसे मांगते रहे। कुल दस लाख 24 हजार रुपये उन्होंने मुझ से ऐंठ लिए। जब तक कुछ समझ पाता देर हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। उधर, साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि लोग सतर्क रहें। फोन पर किसी भी अंजान शख्स के साथ रुपयों के लेनदेन न करें।

## छावनी मोहल्ले में 35 वर्षीय महिला ने फंदा लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- घरेलू विवाद में सुसाइड करने की आशंका

शहर के छावनी मौहल्ला क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाली एक प्रवासी महिला ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसी किराएदारों को जब घटना का पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस पर कार्रवाई करते हुए टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए महिला के शव को फांसी के फंदे से उतरवाया और उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया।



झज्जर। घटनास्थल पर मामले की जानकारी लेते हुए पुलिस कर्मी।

एफएसएल टीम द्वारा भी मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी अनिरुद्ध चौहान ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। मृतका की पहचान मूल रूप से यूपी की रहने वाली करीब 35 वर्षीया विनीता पत्नी उमाकांत के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार मृतका का पति उमाकांत मेहनत मजदूरी का काम करता है और अपने परिवार के साथ करीब 15 सालों से शहर में किराए के मकान में रह रहा है। मृतका के दो बेटे हैं जिसमें तेरह वर्षीय प्रिंस और करीब चार वर्षीय अंश शामिल है।

पुलिस द्वारा घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दे दी गई है। परिजनों के पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल पूछताछ में सामने आया है कि मृतका विनीता का पति उमाकांत शराब पीता है और सुबह इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा भी हुआ था। बताया जा रहा है विनीता ने बच्चों को पार्क में खेलने के लिए भेज दिया और पीछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### स्कूटी चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा स्कूटी चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी बलदेव सिंह ने बताया कि राजसिंह निवासी भट्टी गेट की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई संदीप कुमार की टीम ने चोरी के मामले में दुलीना जेल में बंद एक आरोपी को एक दिन के पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही से चोरी की हुई स्कूटी को बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## महिला ने पुत्र व पुत्रवधू पर लगाया मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- मकान को लेकर विवाद, महिला के सिर पर डंडा मारा, केस दर्ज

सदर थाने के अधीन लगते एक गांव में बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा है। मारपीट तथा धमकी देने का आरोप महिला ने अपने ही पुत्र व पुत्रवधु पर लगाया है। नूना माजरा की निवासी की 65 वर्षीय महिला का कहना है कि उसके पति का स्वर्गवास हो चुका है। मेरे नाम करीब 400 गज जमीन है। यह जमीन चारों बच्चों में बराबर बांट दी गई है लेकिन छोटा बेटा और उसकी पत्नी नहीं मानते। वे कहते हैं कि हम आधा हिस्सा यानी 200 गज लेंगे। तीन मई की शाम करीब सात बजे वे बंटवारे को लेकर मेरे पास आए। इस दौरान विवाद हो गया। उन्होंने मेरे साथ मारपीट की। डंडे से सिर में वार किया। बेटी छुड़ाने लगी तो उसके साथ भी हाथापाई की गई। फिर वे धमकी देकर चले गए। उधर, सदर थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। जांच के बाद ही असल हकीकत सामने आ सकेगी।

## ट्रैक्टर-ट्राली के बीच में फंसने से चालक की मौत

■ वाहन में ईंटें भरकर ले जा रहा था, संतुलन बिगड़ने से हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- परिजन इलाज के लिए नागरिक अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्रवीन को मृत घोषित कर दिया

क्षेत्र के गांव पाटौदा में ट्रैक्टर-ट्राली में ईंटें भरकर ले जाते समय संतुलन बिगड़ने के कारण ट्रैक्टर चालक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पाटौदा गांव निवासी प्रवीन पुत्र सत्यनारायण के तौर पर हुई है।

### खेत से घर जा रहा था

यह हादसा उस दौरान हुआ जब सोमवार की रात करीब ग्यारह बजे प्रवीन कुमार अपने खेत से ट्राली में ईंटें भरकर घर ले जा रहा था। ट्राली में ईंट भरने के बाद वह ट्रैक्टर को खेत से बाहर निकाल रहा था उसी दौरान ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर आगे से उठने के कारण प्रवीन ट्रैक्टर-ट्राली के बीच में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए शहर के नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

मामले के जांच अधिकारी भरपूर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में परिजनों के बयान के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।

## स्टेट चैंपियनशिप में पहलवानों ने जीते 12 मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हाल ही में रोहतक में हुई हरियाणा स्टेट सब जूनियर कुश्ती चैंपियनशिप में हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवान छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए अखाड़े के पहलवानों ने चार गोल्ड सहित 12 मेडल हासिल किए। इनकी जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई। विजेताओं का जोरदार अभिनंदन किया गया। प्रतियोगिता में अर्जुन रुहल ने 92 केजी फ्री स्टाइल, रोहित ने 65 केजी फ्री स्टाइल, निशांत ने 55 केजी तथा हरदीप छिल्लर ने 110 केजी फ्री स्टाइल में दमदार प्रदर्शन के बल पर गोल्ड मेडल जीते। अनुज रुहल ने 110 केजी ग्रीको, विकास ने 60 केजी फ्री स्टाइल, आशु दलाल ने 80 केजी



ग्रीको, दीक्षा दलाल ने 40 केजी फ्री स्टाइल, साहिल दलाल ने 55 केजी ग्रीको रोमन में सिलवर मेडल हासिल किए। वहीं मोहित दलाल ने 55 केजी ग्रीको, हिमांशु दलाल ने 60 केजी फ्री स्टाइल तथा आशु दलाल ने 80 केजी फ्री स्टाइल में ब्रांज मेडल जीते। इनकी जीत पर परिजनों और साथी पहलवानों ने खुशी की लहर दौड़ गई। अखाड़े में पहुंचने पर हिंद केसरी सोनू पहलवान, अर्जुन अवॉर्डी कोच धर्मेंद्र दलाल, अर्जुन अवॉर्डी ओमवीर, संजय सहित अन्य कोचों व कुश्ती प्रेमियों ने विजेताओं को आशीर्वाद दिया। कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल ने कहा कि पहलवान बेहद प्रतिभाशाली हैं। लगातार बेहतर प्रदर्शन से इलाके का मान बढ़ा रहे हैं।

## आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा के लिए मॉक ड्रिल आज, कंट्रोल रूम बनेगा

■ दोपहर बाद चार बजे से शुरू होगी ड्रिल ■ सायरन बजाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बुधवार को किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए जिले में व्यापक मॉक ड्रिल होगी। मॉक ड्रिल प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में दोपहर बाद सांय चार बजे से शुरू होगी। जिसमें जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण स्तर तक आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आकलन किया जाएगा। मॉक ड्रिल की तैयारियों के लिए मंगलवार को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव एस. नारायणन ने वीसी के माध्यम से एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में एडीसी सलोनी शर्मा की अध्यक्षता में सीटीएम रविंद्र मलिक, जिला



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एडीसी सलोनी शर्मा।

राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, डीआईपीआरओ सतीश कुमार और अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए। एडीसी सलोनी शर्मा ने नागरिकों से आहवान किया कि ड्रिल के दौरान घबराने की जरूरत नहीं है। क्योंकि यह केवल एक अभ्यास है। जिसमें विभागों को आपदा के समय आपसी समन्वय से बेहतर तरीके से आपदा से निपटने का प्रशिक्षण है। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल शुरू होने पर पूरे जिले में सायरन बजाया जाएगा,जो आपातकालीन स्थिति का सूचक होगा। जिला मुख्यालय के अलावा गांव स्तर तक मॉक ड्रिल के दौरान आपदा प्रबंधन तैयारियों को परखा जाएगा। सभी जरूरी उपकरणों को तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। मॉक ड्रिल से पहले ड्राइ रन भी किया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। वहीं मॉक ड्रिल के सुचारू संचालन के लिए जिला मुख्यालय पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। यह कंट्रोल रूम आपदा प्रबंधन के दौरान सभी प्रकार के कम्युनिकेशन का केंद्र होगा।

## नप ने शहर में खोले 4 सीएफसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- चेयरपर्सन सरोज राठी के अनुसार शहर में कुल 10 कॉमन फैसिलिटी सेंटर खोले जाएंगे

नगर परिषद व सरकार द्वारा चलाई जा सभी सेवाओं व योजनाओं का आवेदन व लाभ लेने के ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा के लिए शहर में 10 कॉमन फैसिलिटी सेंटर खोले जाएंगे। अभी शहर में 4 कॉमन फैसिलिटी सेंटर खोले गए हैं। जहां पर आम नागरिक सरकारी फीस पर सेवाओं का ऑनलाइन लाभ ले सकता है। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि इसे पूरे शहर में 10 कॉमन फैसिलिटी सेंटर खोले जाएंगे। फिलहाल दिल्ली रोहतक रोड स्थित नगर परिषद कार्यालय, सेक्टर-9



बहादुरगढ़। कर्मचारियों को लैपटॉप देती चेयरपर्सन सरोज राठी।

कम्युनिटी सेंटर, किला मोहल्ला स्थित मंगलसेन कम्युनिटी सेंटर और सेक्टर-6 में कॉमन फैसिलिटी सेंटर खोले गए हैं। यहां आम नागरिक सरकार द्वारा निर्धारित फीस पर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

चेयरपर्सन सेंटर पर बैठने वाले कर्मचारियों को लैपटॉप प्रदान किए। उन्होंने बताया कि प्राइवेट सीएससी सेंटर वालों द्वारा निर्धारित फीस से ज्यादा पैसे वसूलने की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए यह कदम उठाया गया है।

इन कॉमन फैसिलिटी सेंटर पर नगर परिषद के कर्मचारी बैठेंगे और सरकारी कार्य के लिए निर्धारित फीस ही लेंगे। इस अवसर पर राजपाल शर्मा, रमेश राठी, राजेश तंवर, ईओ संजय रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

# शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम

*लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।*



### हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल'थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर '**SRK**' और दूसरे में '**K**' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

### कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहार्ट्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

### महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

### प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बव्लगारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

### ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

## रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

***सिडनी स्वीनी*** : अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

***गिगी हदीद*** : गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

***जेंडया*** : अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडीज्म की आधारशिला है।



जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

***रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप*** : मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।

***दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर*** : दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

***लिसा*** : *ब्लैकपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।*

***हंटर शेफेर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस*** : *व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफेर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।*


***हैली बीबर और केंडल जेनर*** : *हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।*

***किम कार्दशियन*** : *मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।*



## 'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस'का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस'का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।



## 'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां'को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

## अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

***अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें*** : अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।

***पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि*** : अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'





### सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

## टीवी मसाला



## इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...

**नई दिल्ली।** हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के'ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज'का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी'की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी'और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा'का करिश्मा'रिलीज हुआ।

## पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।*



*बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था। चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।*

*इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिदंगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।*

### ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए

*रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनुजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।*

## अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया

*नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"

### विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल

वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"



### विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेक ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

## 'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्रोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### ट्रेन से दो ट्रॉली बैग चोरी का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** जोधपुर से दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेन में एक यात्री के दो ट्रॉली बैग चोरी होने का केस दर्ज किया गया है। दिल्ली सराय रोहिल्ला जीआरपी को दर्ज शिकायत में जोधपुर निवासी ओबेदुर रहमान ने बताया कि वह गत 12 अप्रैल को जोधपुर से दिल्ली जा रहा था। रेवाड़ी स्टेशन के पास ट्रेन पहुंची तो उसके दो ट्रॉली बैग गायब मिले। इन बैगों में चांदी के आभूषण, कपड़े व दस्तावेज थे। सराय रोहिल्ला जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज करने के बाद उसे स्थानीय जीआरपी को भेज दिया।

### घटाल महनियावास में अवैध शराब बरामद की

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने घटाल महनियावास में अवैध शराब बेचने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर ने सूचना दी थी कि कर्णकुंज घटाल निवासी गौरव गांव में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। तुरंत रेड करने पर वह शराब के साथ काबू किया जा सकता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस पार्टी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचते ही टीनशेड से एक व्यक्ति निकलकर भाग गया। वहां से पुलिस ने 22 बोतल अवैध शराब बरामद की।

### दो लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने प्राणपुरा में मारपीट करने और जान से मारने धमकी देने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुभाष चंद ने बताया कि उसकी बेटी व नवासा हालचाल पूछने के लिए गांव आए थे। संदीप व प्रदीप ने उसके नवासे के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक चालक गंभीर

**बावल।** दुल्हेड़ा के निकट ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से एक बाइक चालक कंपनी कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। राजस्थान के सीलगांव निवासी महेंद्र बावल की एक कंपनी में कार्यरत है। वह कंपनी में ड्यूटी करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। दुल्हेड़ा के निकट ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल महेंद्र को आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। उसे गंभीरावस्था में परिजन जयपुर के एक अस्पताल ले गए।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी चालक की मौत

**कोसली।** गूगोढ गांव के बस स्टैंड के समीप मंगलवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में नांगल पठानी गांव के व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के भतीजे ने अज्ञात वाहन चालक पर दुर्घटना करने के आरोप में मामला दर्ज कराया है। नांगल पठानी निवासी बलबीर ने बताया कि मंगलवार को उनके चाचा धर्मबीर किसी कार्य से स्कूटी पर नांगल पठानी से गुड़ियानी जा रहे थे। गूगोढ गांव के बस स्टैंड से आगे किसी अज्ञात वाहन चालक ने उनको टक्कर मार दी। हादसे में लगी चोटों से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

---

## राजकीय महाविद्यालय बिरोहड में विदाई पार्टी का आयोजन

# प्रियंका को मिस फेयरवेल तथा प्रवीण को मिला मिस्टर फेयरवेल का खिताब



झज्जर। विदाई पार्टी के दौरान शिक्षकों के साथ उपस्थित विद्यार्थी।

### कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्रों ने एमए इतिहास के 8वें बैच के विद्यार्थियों को दी विदाई पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राजकीय महाविद्यालय बिरोहड में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा एमए इतिहास के आठवें बैच के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर अनीता रानी ने की। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉक्टर अमरदीप ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपना समुचित योगदान देने व विषम परिस्थितयों का डटकर सामना करने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन प्रथम वर्ष की छात्रा अंकिता व छात्र विकास द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं नृत्यों के माध्यम से सबका मन मोहा। विदाई पार्टी में प्रियंका को मिस फेयरवेल, प्रवीण को मिस्टर फेयरवेल, आशु को मिस पर्सनालिटी और मोनू को मिस्टर पर्सनालिटी चुना गया। इस मौके पर डॉक्टर रश्मि, डॉक्टर सवीन, जितेन्द्र, अजय कुमार, अजय सहरावत, डॉक्टर राजपाल सिंह अन्य भी उपस्थित रहे।




झज्जर। सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में मंगलवार को विद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चारण के बीच आहुति डालकर विद्यालय की उन्नति व समाज की भलाई के लिए प्रार्थना की। हवन के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, कविता पाठ एवं लघु नाटिका जैसी बहुविध प्रस्तुतियां शामिल रहीं। विशेष रूप से देशभक्ति गीत और लोकनृत्य ने सभी का मन मोह लिया और उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों से भरपूर सराहना प्राप्त की। विद्यालय निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में निखार आता है तथा उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। हमारा उद्देश्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि बच्चों को नैतिक मूल्यों से भी जोड़ना है।

---



बहादुरगढ़। छात्राओं द्वारा बनाई रंगोली देखती प्राध्यापिकाएं। फोटो: हरिभूमि

## रंगोली बनाकर समझाई जिम्मेदारियां

- कन्या महाविद्यालय में मनाया रेडक्रॉस दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मंगलवार को शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में रंगोली बनाकर विश्व रैडक्रॉस दिवस मनाया गया। वाईआरसी व रैड रिबन क्लब के तत्वावधान में स्वयंसेविकाओं ने रंगोली बनाकर रेडक्रॉस के ध्येय व लक्ष्य के प्रति कॉलेजी की अन्य छात्राओं को जागरूक किया। रंगोली के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने रक्तदान, भाईचारा, एड्स, मादक पदार्थों के विरुद्ध व अंगदान के प्रति जागरूक किया। दिव्या, सुजाता, चुन्नी व रीतू ने रंगोली बनाकर सकारात्मक संदेश देते हुए अपनी कला का उत्कर्ष प्रदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि रैडक्रॉस के संस्थापक सर हेनरी डुनेंट की जंयती के उपलक्ष्य में हर वर्ष 8 मई को विश्व रैडक्रॉस दिवस मनाया जाता है। वॉलिंटियर्स की सेवाएं समाज के जरूरतमंद लोगों को समर्पित है। स्वयंसेविकाएं समाज के प्रति सजग, सचेत, जागरूक व जिम्मेदार बनें। वरिष्ठ प्राध्यापिका सुजाता वर्मा ने कहा कि मानव सेवा को समर्पित जीवन ही सही मायने में सार्थक जीवन है। स्वयंसेविकाओं को संवेदनाओं के साथ जरूरतमंद व पीड़ितों की हरसंभव सहायता करनी चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ नेहा नैन ने छात्राओं के समाजसेवा के प्रति समर्पण की भरपूर सराहना की।

---

## 97% सरसों व 88% गेहूं का उठान

- एक लाख 84 हजार 22 एमटी गेहूं व करीब 33 हजार मीट्रिक टन सरसों की हुई खरीद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले में रबी सीजन की सरसों व गेहूं खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि अनाज मंडियों से खरीदे हुए अनाज के उठान का कार्य भी खरीद एजेंसियों द्वारा तेजी से किया जा रहा है। अब तक 97 प्रतिशत सरसों और 88 प्रतिशत गेहूं उपज का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिला की अनाज मंडियों एवं खरीद केंद्रों में एक लाख 84 हजार 44 एमटी गेहूं की खरीद की गई है और अब तक एक लाख 97 हजार 302 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। वहीं एक लाख 62 हजार 251 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है। इसके अलावा 33 हजार 876 एमटी सरसों खरीद की जा चुकी है, जबकि 35 हजार 94 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज हो चुकी है और करीब 33 हजार मीट्रिक टन सरसों का उठान हो चुका है।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में लगी गेहूं की ढेरियां। फोटो: हरिभूमि

---

## कथा सुनाकर भक्ति व त्याग का दिया संदेश

- छोटू राम नगर में श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन, पंडित कृपाशंकर ने सुनाई कथा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के छोटूराम नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावान से आए पंडित कृपाशंकर जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को जड़भरत, अजामिल और प्रहलाद की प्रेरणादायक कथाएं सुनाकर भक्ति और त्याग का संदेश दिया। पार्षद राजकुमारी हरिमोहन धाकरे द्वारा आयोजित भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को भक्तों ने जड़भरत, अजामिल और प्रहलाद की कथाएं सुनकर आत्मिक आनंद का अनुभव किया। कथा व्यास पंडित कृपाशंकर जी महाराज ने शुरुआत में जड़भरत के त्याग और भक्ति के अद्भुत उदाहरणों को प्रस्तुत किया। इसके बाद अजामिल की कहानी को सुनाते हुए कथा वाचक ने बताया कि कैसे एक साधारण जीवन जीते हुए भी उसने अपने अंतिम क्षणों में भगवान के नाम का स्मरण कर मोक्ष प्राप्त किया। प्रहलाद की कथा ने तो सभी का दिल जीत लिया। भक्तिभाव से भरे प्रहलाद ने दुष्ट पिता हिरण्यकश्यप के अत्याचारों के बावजूद अपनी भक्ति को बनाए रखा। इस कथा ने यह सिखाया कि सच्ची भक्ति हर कठिनाई का सामना कर सकती है।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कथा से जुड़ी भक्ति गीतों का भी आनंद लिया और अपने जीवन में भक्ति की महत्ता को आत्मसात करने का संकल्प लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं को ब्रह्मांड की उत्पत्ति के रहस्यों से अवगत कराया। कथा वाचक ने सरल और प्रभावशाली शैली में भगवान विष्णु के अवतारों और सृष्टि के प्रारंभिक क्षणों का वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने ध्यानपूर्वक कथा सुनकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प किया।



बहादुरगढ़। छोटूराम नगर में कथा सुनती महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

---



झज्जर। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए एएसआई राखी।

## नशे के दुष्प्रभाव व ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार को जिला पुलिस की एक टीम द्वारा हारट्रोन कंप्यूटर सेंटर में विद्यार्थियों को यातायात नियमों व नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। सड़क सुरक्षा सेल प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों का पालन करने और अपने माता-पिता को भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने का आहवान किया। वहीं एएसआई राखी ने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी और विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

---

## प्लेसमेंट में 31 विद्यार्थियों का चयन



झज्जर। प्लेसमेंट वीक के उपरांत शिक्षकों के साथ उपस्थित चयनित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

- गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में प्लेसमेंट वीक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में प्लेसमेंट वीक का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट वीक में देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने पहुंच कर करीब 150 विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। प्लेसमेंट वीक में बीटेक, बीबीए, बीसीए, एमबीए, एमसीए के विद्यार्थियों में से अंतिम चरण के साक्षात्कार के बाद 31 विद्यार्थियों का कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर, सॉफ्टवेयर डेवलपर, सेल्स इंजीनियरिंग व कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव के पद पर चयन किया गया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर अमन अग्रवाल ने सभी चयनित विद्यार्थियों आकाश जांगड़ा, रंजन मिश्रा, विजय मुद्गल, सत्यम मिश्रा, रुपेश मंडल, विशाल कुमार, त्रिभुवन झा, मोहित कुमार, संपूर्ण देब, सुभाष कुमार, शालिनी कुमारी, मीनाक्षी प्रिय, सत्यम कुमार गिरी आदि को बधाई देते हुए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड हितांशु सलूजा, प्रवीन कुमार, क्षितिज उपाध्याय व भूमिका के प्रयासों की सराहना की व अतिथियों का धन्यवाद किया।

---

## हरियाणा सरकार को बताया किसान हितैषी

- सरकार ने आग से बर्बाद फसलों का 151 किसानों को दिया 87 लाख रुपये मुआवजा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



राम अहलावत।

भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने सरकार को किसान हितैषी बताया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने आग से तबाह हुई फसलों के लिए 151 किसानों को 87 लाख रुपये का मुआवजा दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की है। राम अहलावत ने कहा कि पिछले दिनों खेतों में बड़ी संख्या में आग लगने की घटनाओं के कारण संबंधित किसानों से नुकसान के दावे प्राप्त करने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया था। इसके बाद राजस्व विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को दावों का तुरंत सत्यापन करने और अपनी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए। सभी प्रभावित किसानों को न केवल मुआवजा जारी कर दिया गया है, बल्कि आगामी फसल की बुवाई के लिए उन्हें खाद और बीज भी सरकार की ओर से मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नायब सरकार किसानों के हितों में लगातार कार्य कर रही है।

---

## एसडीएम, सीएम विंडो की शिकायतें प्राथमिकता से निपटाएं अधिकारी

### मुख्यमंत्री खुद करते हैं शिकायतों की समीक्षा

- शिकायतों के निपटारे में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त, गंभीरता दिखाएं सभी अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सीएम विंडो सरकार का फ्लेगशिप कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समय समय पर सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों की समीक्षा करते हैं। ऐसे में सभी अधिकारी सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लें और समयानुसार निपटान सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश एसडीएम रेणुका नांदल ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन सीएम विंडो को एक बार अवश्य खोल कर देखें। शिकायत मिलते ही उसका प्राथमिकता के साथ समाधान सुनिश्चित करें, उसे ओवरडयू न होने दें।



बेरी। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

---

### वर्ल्ड अस्थमा-डे: सेहत पर भारी सांस की समस्याएं, न करें अनदेखी

## अस्थमा का समय पर उचित इलाज जरूरी

- देश में प्रतिवर्ष अस्थमा से एक करोड़ 60 हजार लोगों की जा रही जान, सांस लेने में दिक्कत हो तो तुरंत करवाएं जांच।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सांस और फेफड़े से जुड़ी समस्याएं मरीज को असहज कर देती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार श्वास संबंधी समस्याओं को नजरंदाज करने की भूल शरीर को कई तरह के नुकसान पहुंचा सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष एक लाख 60 हजार लोग अस्थमा से पीड़ति हो कर दम तोड़ देते हैं। इसलिए छाती में जकड़न महसूस हो, श्वास लेने में सीटी जैसी आवाज आए और श्वास लेने में तकलीफ हो तो तुरंत डॉक्टर के पास जाकर चेकअप करवाएं। अस्थमा सांस से जुड़ी गंभीर बीमारियों में से एक है। यह रोग फेफड़ों पर अटैक करके सांस को प्रभावित करता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि जिन लोगों को अस्थमा की वजह से सांस लेने में दिक्कत होती है, उन्हें अपने आहार और जीवनशैली पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। मंगलवार को वर्ल्ड अस्थमा-डे के अवसर पर डीडीके अस्पताल के निदेशक डॉ. सुखपाल धारीवाल ने बताया कि अस्थमा तीन तरह का होता है। पहला- जेनेटिक, दूसरा- कम वजन के बच्चों के लंग्स सही तरह से विकसित नहीं होने के कारण और तीसरा- प्रदूषण के कारण लंग्स के ज्यादा सेंसेटिव होने की वजह से। ऐसी स्थिति में डॉक्टर्स से चेकअप कराएं और किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। अस्थमा में सही समय पर उचित इलाज जरूरी है।



बहादुरगढ़। एक मरीज की जांच करते डॉ. सुखपाल धारीवाल।

### क्या है अस्थमा

हम श्वास लेते हैं, तो हवा नाक और मुंह के रास्ते से वायुमार्ग नामक नली से अंदर जाती है। अस्थमा रोग में वायु मार्ग में कुछ परिवर्तन हो जाते हैं, जो हवा का प्रवाह रोकते हैं। इससे श्वास लेने में तकलीफ होती है। यह एलर्जी वर्धक- कॉकरोच, फर वाले पशु, पराग, धूल व धुएं में छुपे जीवाणुओं द्वारा वातावरणीय उत्प्रेरक- पेंट, सिगरेट का धुआं और सर्द मौसम आदि के कारण ज्यादा तकलीफ देता है।

### ये हैं लक्षण

खांसना, श्वांस तेजी से चलना खासकर रात को या शारीरिक हलचल अथवा एक्सरसाइज के बाद, छाती में जकड़न, श्वांस लेने में कठिनाई, श्वांस लेते समय सीटी जैसी आवाज, होंठ व चेहरा नीला पड़ जाना, पसीना आना आदि। यदि इनमें से कोई एक लक्षण आप में है तो, तत्काल चेकअप कराएं। जागरूकता ही इस बीमारी से बचाव है।


### सलाह से लें मेडिसिन

सबसे जरूरी है कि कोई भी दवाई चिकित्सकों की सलाह से ही लें। इस रोग में इन्हेलेशन थैरेपी का इस्तेमाल काफी कारगर तकनीक है। हालांकि कई डॉक्टर्स तुरंत आराम के लिए स्टेरॉइड भी देते हैं, लेकिन इस मेडिसिन को लंबे समय तक नहीं लेना चाहिए, क्योंकि फिर इसके साइड इफेक्ट्स उभरकर आने लगते हैं। इन्हेलेशन थैरेपी को 3 माह तक देने से इस बीमारी पर कंट्रोल हो जाता है।

**NOTICE**

I, Sandeep Kumar S/o Sh. Shakti Singh R/o 305, Ward no. 26, Quilla Mohalla, Palika Colony, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, Haryana declare that my minor son's real Name is Lovish Gulia and in his birth certificate also his name is mentioned as Lovish Gulia. But in Aadhar card no 850347707232 his name is wrongly mentioned as Yash Gulia. Lovish Gulia and Yash Gulia are one and the same person. I want to change his name as Lovish Gulia in place of Yash Gulia in Aadhar Card.

खबर संक्षेप



झज्जर। बैट्रियां चोरी होने उपरांत खाली पड़ा रैक। फोटो: हरिभूमि

## धांधलान स्थित टॉवर से तीन बैट्रियां चोरी

**झज्जर।** जिले के गांव धांधलान में एक मोबाइल कंपनी के टावर से तीन बैट्रियां चोरी हो गई। कंपनी के टेक्नीशियन द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। दर्ज कराई गई शिकायत में जींद के मालवी गांव निवासी अमन ने बताया कि वह कंपनी के बेरी सर्कल में टेक्नीशियन के पद पर तैनात है। बीती तीन मई को जब वह धांधलान स्थित टावर का निरीक्षण करने पहुंचा तो पता चला कि टावर से तीन बैट्रियां चोरी हो गई। इसके बाद उसने चोरी की सूचना अपने अधिकारियों को भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कोर्ट परिसर में कैंसर जागरुकता शिविर आज

**झज्जर।** स्थानीय कोर्ट परिसर में बुधवार को निःशुल्क कैंसर जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक गोयल ने बताया कि चौधरी रणबीर सिंह मैमोरियल हॉल में दोपहर एक बजे शुरू होने वाले इस जागरुकता शिविर में अमेरिक्स कैंसर हॉस्पिटल की चिकित्सीय टीम द्वारा सेवाएं दी जाएंगी। अस्पताल के चीफ डॉक्टर आशीष गुप्ता की टीम बार एसोसिएशन सदस्यों की कैंसर संबंधी निःशुल्क जांच करेगी।

## खाटूश्याम धाम के लिए निकला युवक लापता

**बहादुरगढ़।** खाटू श्याम धाम जाने के लिए घर से निकला एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। कई दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं चल पाया है। अब परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। दहकोरा के निवासी रणजीत ने कहा है कि उसका बेटा अनु गत एक मई को आठ बजे घर से निकला था। जाते वक्त उसने कहा था कि वह अपने दोस्तों के साथ खाटूश्याम जाएगा। लेकिन जब दो मई को उसके पास कॉल की तो उसका फोन बंद आया। तब से उसको तलाश रहे हैं लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया है।

### कंडक्टर प्रतिस्थापन के लिए 9 मई से एमआईई में प्रतिदिन 8 घंटे बिजली कटौती

# बिजली आपूर्ति को लेकर उद्यमियों का अधिकारियों के साथ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के कार्यालय में बिजली आपूर्ति से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। औद्योगिक क्षेत्रों को 24 घंटें निर्बाध एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। इसमें एचवीपीएन के कार्यकारी अभियंता विवेक गुप्ता व यूएचवीपीएन के कार्यकारी अभियंता सचिन दहिया अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ उपस्थित रहे।

कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, उपाध्यक्ष विपिन बजाज, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल के साथ पुरषोत्तम गोयल, सुनील गर्ग, अमरीक सिंह लाल, राजेश चोपड़ा, गुरमीत सिंह, महेश वशिष्ठ, तिलकराज गर्ग आदि उद्यमी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में यूएचबीवीएन अधिकारियों ने बताया कि सराय औरंगाबाद के नए पॉवर सब स्टेशन का कार्य भी 10 दिनों में पूरा हो जाएगा और सेक्टर-16 एचएसआईआईडीसी के नए पॉवर हाउस का काम भी आने वाले 4-5 महीनों में हो जाएगा। इसके बाद काफी हद तक बिजली की समस्याओं से उद्योगों को राहत मिलेगी। बैठक में विद्युत आपूर्ति से जुड़े अनेक मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। एमआईई के 132 केवीए सब स्टेशन में पुराने कंडक्टरों को एचटीएलएस (हाई टेंशन लो सैग) कंडक्टर से बदलने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।




बहादुरगढ़। बैठक में निगम अधिकारियों से चर्चा करते कोबी पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

अधिकारियों के अनुसार इस कार्य के लिए लगभग 150 घंटों का शटडाउन आवश्यक होगा। जिससे एमआईई पार्ट ए और बी औद्योगिक क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति लगभग 20 दिनों के लिए प्रति दिन 8 घंटे पूरी तरह से बंद रहेगी। विभाग ने एचटीएलएस कंडक्टर प्रतिस्थापन का कार्य शुक्रवार 9 मई से प्रारंभ किया जाएगा। यह कार्य प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा और लगभग 20 दिनों तक चलेगा। सुरक्षा कारणों एवं तकनीकी प्रकृति को देखते हुए यह कार्य रात्रि में संभव नहीं है और प्रतिदिन कम से कम 8 घंटे का कार्यकाल आवश्यक होगा। कोबी ने सभी संबंधित उद्योगों से सहयोग का अनुरोध किया।



बहादुरगढ़। गोदाम में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी। फोटो: हरिभूमि

## आग बुझाने में दमकल कर्मियों को करनी पड़ रही मशक्कत

### रोहद में दो गोदामों में सोमवार को लगी थी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव रोहद में दो गोदामों में लगी आग को बुझाने में दमकलकर्मियों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। हालांकि केमिकल के गोदाम में अब भी कहीं कहीं आग सुलग रही है। एहतियात के तौर पर दमकल गाड़ियां गोदाम परिसर में तैनात की गई हैं।

दरअसल, सोमवार की सुबह रोहद स्थित नैनपाओ कंपनी के गोदाम में आग लग गई थी। केमिकल होने के कारण आग तेजी से फैली और साथ लगते प्लास्टिक खेल संसाधनों के गोदाम तक जा पहुंची। दर्जनभर गाड़ियों के सहारे दमकलकर्मियों ने आग बुझाने के प्रयास किए। सोमवार सुबह से लगी आग मंगलवार की अल सुबह नियंत्रण में आई। लेकिन मंगलवार की शाम फिर से केमिकल गोदाम में आग भड़क गई। दरअसल, आग के कारण केमिकल गोदाम का शेड गिर गया। इस वजह से मलबे के नीचे आग सुलग रही है। केमिकल पूरी तरह से जलने के बाद ही आग पूरी तरह से बुझ सकेगी।

- 85 किलोग्राम भार वर्ग में पंजाब के खिलाड़ी को हराया

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में गौरव ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हाल ही में नोएडा में आयोजित सातवीं यूथ राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले के होनहार खिलाड़ी गौरव कादियान ने स्वर्ण पदक हासिल करके जिले का नाम देशभर में रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि बेरी निवासी गौरव ने यह पदक में 85 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए हासिल किया। दिल्ली की टीम की ओर से खेलते हुए गौरव ने पंजाब के अनुभवी खिलाड़ी को मात देकर फाइनल में जगह बनाई। निर्णायक मुकाबले में भी गौरव ने दमदार प्रदर्शन करते हुए विरोधी को करारी शिकस्त दी और राष्ट्रीय स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि गौरव की इस जीत के साथ ही उसका चयन एशियन चैंपियनशिप के लिए हो गया है। अब वह जल्द ही बिहार में होने वाली खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भागीदारी करेगा। उन्होंने होनहार खिलाड़ी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



झज्जर। खिलाड़ी गौरव के साथ मेडल दिखाते हुए कोच हितेश देशवाल। फोटो: हरिभूमि

- स्कूल पहुंचने पर प्रबंधन समिति ने विजेता टीम का किया स्वागत

## लीग ड्रीम इंडिया प्रतियोगिता में एमआर फुटबॉल क्लब की टीम रही द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

भारतीय फुटबॉल टीम के चयन के लिए मुंबई में आयोजित लीग ड्रीम इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एमआर फुटबॉल क्लब की अंडर-13 टीम के खिलाड़ियों ने द्वितीय स्थान हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। टीम में से चार खिलाड़ियों युवराज सिंह, उमेश, प्रीतम सिंह व रणजय सिंह का चयन जर्मनी में होने वाली प्रतियोगिता के लिए टीम इंडिया में हुआ है। प्राचार्या नेहा शर्मा ने बताया कि टीम के विद्यालय परिसर पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधक समिति द्वारा फुटबॉल क्लब के कोच और सभी खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या नेहा शर्मा ने सभी खिलाड़ियों के साथ उनके कोच जतिंद्र कुमार व अमनप्रीत को भी बधाई दी। विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान ने बताया कि विद्यालय में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को हर प्रकार के खेलों में अपनी प्रतिभा उजागर करने का अवसर दिया जाता है।



झज्जर। विद्यालय स्टॉफ सदस्यों के उपस्थित विजेता टीम के खिलाड़ी।

## वेतन विसंगतियों से सफाई कमियों में रोष, नारेबाजी

- अधिक वेतन वसूलकर कर्मियों को कम देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नगर परिषद में ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार की सुबह वेतन विसंगति को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका सफाई कर्मचारी यूनियन के सदस्य गौरव के नेतृत्व में हड़ताल की। सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल के दौरान अपना वेतन बढ़ाने व समय पर दिए जाने की मांग करते हुए नारे भी लगाए। विरोध प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारी योगेश्वर, राहुल व चिराग ने बताया कि ठेकेदार द्वारा उन्हें कम वेतन दिया जा रहा है जबकि आगे से अधिक वेतन वसूला जा रहा है। जब उन्होंने वेतन बढ़ाने की मांग की तो सुपरवाइजर द्वारा उन्हें पांच मई तक समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था। इस दौरान कोई सकारात्मक आश्वासन नहीं मिलने पर उन्होंने आज हड़ताल की घोषणा की। दोपहर बाद सुपरवाइजर के पहुंचने पर वेतन बढ़ाने के आश्वासन के बाद सफाई कर्मचारियों द्वारा हड़ताल खोल दी गई। इस मौके पर योगेश, आकाश, सज्जन, गोपाल, सुमित सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। हड़ताल के दौरान नारे लगाते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## लवप्रीत ने कांस्य, भव्य ने रजत पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के दौरान बहादुरगढ़ की लवप्रीत ने कांस्य पदक और भव्य ने रजत पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। हरियाणा की लड़कियों की टीम की सीनियर जूडो कोच अर्जुन अवार्डी पूनम चोपड़ा, असिस्टेंट कोच रेखा व मैनेजर सीमा रानी ने बताया कि लवप्रीत ने 63 किलोग्राम भारवर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। लड़कों के सीनियर कोच चेतन और असिस्टेंट कोच अनिल ने बताया कि लड़कों में भव्य ने 81 किलोग्राम में रजत पदक जीता है।




बहादुरगढ़। विजेता खिलाड़ियों के साथ कोच पूनम चौपड़ा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## पानी कटौती के विरोध में इनेलो का प्रदर्शन आज

**झज्जर।** पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा में पानी की कटौती किए जाने के विरोध में बुधवार को इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पंजाब सरकार ने एकाएक हरियाणा के पानी में कटौती कर प्रदेश में जल संकट पैदा कर दिया है। इनेलो कार्यालय सचिव पवन धनखड़ ने बताया कि विरोध प्रदर्शन के बाद डीसी कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रातः दस बजे शुरू होने वाले इस प्रदर्शन का नेतृत्व सुनैना चौटाला व शीला राठी द्वारा किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप में प्राची ने जीता कांस्य पदक



**झज्जर।** एचआर ग्रीन फील्ड विद्यालय की छात्रा प्राची चाहार ने 20 अप्रैल से 2 मई तक जॉर्डन में आयोजित एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राचार्य एमएस गुलिया ने बताया कि प्राची अब अगले खेलो इंडिया में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने कहा कि प्राची की यह सफलता उसके कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंधक विकास धनखड़ और प्रद्वीप धनखड़ ने प्राची को बधाई दी।

## पार्षद ने देव नगर में बनवाई गली

- वार्ड 26 से पार्षद हैं बलराम दलाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एक तरफ शहर के अधिकांश वार्ड विकास के लिए तरस रहे हैं। दूसरी तरफ कुछ पार्षद अपने निजी प्रयासों से लोगों की समस्याओं को दूर करने में जुटे हैं। वार्ड नंबर-26 के पार्षद बलराम दलाल मिंटू ने देव नगर की गली नंबर में जलभराव को दूर करने के लिए अपनी तरफ से करीब डेढ़ लाख खर्च करके सीसी गली बनवाई है। पार्षद बलराम दलाल ने पहले देवनगर में सीवरेज सिस्टम को सुधरवाने के लिए करीब अढ़ाई करोड़ की लागत से नई सीवर लाइन बिछवाने के लिए भरसक प्रयास किए और सफलता प्राप्त की। इसके बाद कुबेर एनक्लेव में कई गलियों के निर्माण का शुभारंभ करवाया। आईटीआई के निकट तिरंगा चौक और मिनी पार्क के लिए भी बलराम लगातार प्रयासरत हैं। अब बलराम दलाल ने बिना किसी प्रशासनिक मदद के स्वयं डेढ़ लाख रुपए खर्च कर देव नगर की गली नंबर-1 में तीन आरसीएम की गाड़ियां डलवाकर सड़क ऊंची करवाई है। दलाल ने बताया कि यहां अक्सर पानी भरने के कारण लोगों को परेशानी होती थी। वे वार्ड की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं। स्थानीय निवासी महेंद्र गहलोत, पुष्पा, नीता, कृष्णा मुद्गिल, नवीन, गीता, राकेश व कृष्णा देवी आदि ने पार्षद बलराम दलाल मिंटू का आभार जताया है।



बहादुरगढ़। देव नगर में बनवाई गली दिखाते पार्षद बलराम व स्थानीय निवासी।

## आग लगाकर की थी युवती की हत्या मामले में दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव धारौली में मकान में आग लगाकर एक युवती की हत्या किए जाने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसीपी अनिरूद्ध चौहान ने बताया कि बीती 27 अप्रैल की रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव धारौली में अज्ञात कारणों से एक मकान में आग लग गई है। जिसमें दो सगी बहनें जल गई हैं। जिनमें से हिमांशी उर्फ निधि की मौके पर ही मौत हो गई है और उसकी बहन कोमल को घायल अवस्था में पीजीआई रोहतक भेजा गया है। पुलिस टीम द्वारा मौका मुआयना करते हुए साक्ष्य जुटाए थे और इस मामले में कोमल के जेठ को गिरफ्तार कर पांच दिन पर रिमांड पर लिया था। जांच के दौरान सामने आया कि वारदात प्लानिंग के तहत की गई है। पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को पकड़ा गया है। जिनकी पहचान आशीष निवासी मोहम्मदपुर रेवाड़ी व विकास गांव नंगलाबरी इटावा उत्तर प्रदेश हाल शक्ति नगर रेवाड़ी के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपियों से वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी भी बरामद किया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर दोनों आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। मेहंदीपुर मंदिर में कीर्तन करती महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

## मेहंदीपुर डाबोदा में हुआ कीर्तन भंडारा

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को गांव मेहंदीपुर डाबोदा में जोहड़ किनारे स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में टांडाहेड़ी के बृजमोहन द्वारा भजन-कीर्तन व भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की ओर से एक से बढ़कर भजन गाए गए और महिलाओं ने कीर्तन किया। तत्पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं एवं आम लोगों के बीच सब्जी-पूरी व हलवे के प्रसाद का वितरण किया गया। टांडाहेड़ी निवासी बृजमोहन ने बताया कि यहां जोहड़ पर दशकों से भगवान हनुमान की पूजा विधि-विधान से की जाती है। बजरंगबली की पूजा करने से हर तरह के दुखों का नाश हो जाता है। ललित कुमार ने बताया कि उनका परिवार यहां प्रत्येक वर्ष इस तरह भंडारे का आयोजन करता है।

### सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत कार्यक्रम

# स्कूल बस चालकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सड़क सुरक्षा सैल प्रभारी सतीश कुमार की पुलिस टीम ने मंगलवार को शहर के एक निजी स्कूल में बस चालकों व परिचालकों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल बसों में सभी मानकों का बारीकी से निरीक्षण किया। इंस्पेक्टर सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे, फर्स्ट ऐड बाक्स, अग्निशमन यंत्र, रिफ्लेक्टर टेप तथा सभी संबंधित जरूरी दस्तावेजों की जांच की। बस ड्राइवरों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी का पालन करने की हिदायत दी गई। ताकि बच्चों को सुरक्षित परिवहन की सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षित यात्रा के संबंध में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी स्कूल सरकार की हिदायत अनुसार स्कूल बसों में एक सीसीटीवी कैमरा आगे व एक कैमरा पीछे लगवाएं। इनमें डिजिटल वीडियो रिकॉर्डिंग टिल्ट जूम आदि की क्षमता हो। स्कूल बसों में जीपीएस सिस्टम लगा होना चाहिए। चालकों का कम से कम 5 साल का अनुभव होना चाहिए। वाहन का परमिट या स्वीकृति पत्र पास होना अनिवार्य है। गाड़ी के ऊपर पुलिस के नंबर के साथ नियंत्रण कक्ष और स्कूल मालिक का नंबर साफ लिखा होना जरूरी है।




बहादुरगढ़। स्कूल बस चालकों को जागरूक करते सतीश कुमार।